छात्राओं को दी गई साइबर सुरक्षा ट्रेनिंग

राठ में शपथ लेती छात्राएं व शिक्षक • जागरण

संस,राठः शिक्षा, स्वास्थ्य व स्वरोजगार क्षेत्र में काम करने वाली संस्था सृजन के तत्वावधान में क्विक हील फाउण्डेशन के सहयोग से साइबर सुरक्षा की ट्रेनिंग चरखारी रोड स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कोतवाली के उपनिरीक्षक सविता सरोज ने किया। सुगंधा दानी ने करीब दो सैकड़ा बच्चों को ई ट्रेनिंग देते हुए बच्चों को समझाया कि कभी भी बिना जांचे परखे इंटरनेट मीडिया पर कोई लिंक न खोलें। साथ ही किसी भी अज्ञात सॉफ्टवेयर को भी कभी भी अपने सिस्टम में डाउनलोड न करें। अगर आप प्रोफेशनल अकाउंट बनाते हैं तो उस पर निजी जानकारी व तस्वीरें साझा न करें। बताया कि जिस बैंक अकाउंट को नेट बैंकिंग से जोड़ें उस के ओटीपी और कार्ड के नम्बर को किसी से साझा न करें। इस दौरान बच्चों को सेफ इंटरनेट उपयोग की भी शपथ दिलाई। विद्यालय की प्रबंधक स्वर्णलता सांवल, प्रधानाचार्य प्रवेश तिवारी, संस्था के विनय गुप्ता, शिवांक श्रीवास्तव, प्रशांत चौरसिया, हरिशरण मिश्र, राजनंदनी आदि मौजूद रहे।